नहाने गई महिला की गहरे पानी में डूबने से मौत

अनूपपुर, देशबन्धु। राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसेलकला में गहरे पानी में नहाने के लिए गई हुई महिला की डूबने से मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालने के कार्य में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम वीरेंद्र कुमार बरकड़े ने बताया कि परसेलकला में मंगलवार की सुबह महिला 22 वर्षीय पप्पी मोगरे पति मुरारी मोगरे नहाने समीप में स्थित पत्थर के उत्खनन के बाद उसमें बारिश का पानी भर जाने से बने जल स्त्रोत में नहाने के लिए गई थी। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गई जाने की वजह से डूबने से उसकी मृत?यु हो गई। जब काफी देर तक महिला घर नहीं आई तो परिजनों ने खोज खबर लेते हुए मौके पर जाकर के उसकी तलाश शुरू की जहां कपड़े सहित अन्य समान मौके पर था लेकिन महिला का कहीं कोई पता नहीं चल रहा था। इसके बाद महिला के डूबने की आशंका को लेकर के पुलिस को सूचना दी गई जहां पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद पानी के अंदर डूबे हुए महिला के शव को बाहर निकालते हुए पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप कर कार्यवाई की जा रहीं हैं।

उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

अनूपपुर, देशबन्धु। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 10 दिसम्बर को जिले के भ्रमण के दौरान आदिमजाति सेवा सहकारी समिति फुनगा एवं संतोषी स्व सहायता समूह सकोला एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति देवगवां उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान का उपार्जन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्र में आने वाले किसानों को किसी प्रकार का असुविधा का सामना न करना पड़े, उन्हें शुद्ध पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया होना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में उपार्जित धान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलर्स से एग्रीमेंट करते हुए धान का परिवहन एवं उठाव कराएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आकस्मिक बारिश को ध्यान में रखते हुए उपार्जित धान की सुरक्षा के लिए तिरपाल की व्यवस्था एवं उपार्जित धान का भुगतान संबंधित किसान को समय सीमा में कराने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार, उपसंचालक कृषि एन.डी. गुप्ता, एनसीसीएस, प्रबंधक वेयरहाउस सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनरल परेड में आए एसपी कर्मचारियों से हालचाल पूछा

अनूपपुर, देशबन्धु। पुलिस लाइन अनूपपुर में जनरल परेड का आयोजन 10 दिसम्बर को रक्षित केन्द्र अनूपपुर में किया गया, जिसमें समस्त थानों का पुलिस बल सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान द्वारा परेड में आए पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके हाल-चाल को जाना।

पुलिस कॉलोनीयों की सफाई, पानी एवं शासकीय आवास में किसी प्रकार समस्या के बारे पूछा गया। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आवास संबंधी कुछ समस्याएं नोट करवाई गई। जिसके जल्दी समाधान के निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए गए। पुलिस फोर्स के वेलफेयर के लिए संचालित योजनाएं जैसे स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारियों के लिए पेट्रोल भत्ता योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु बताया गया। किसी प्रकार की समस्या आने पर सीधे संपर्क करने की बात कही गई। जिससे त्वरित समाधान निकाला जा सके।

परेड में यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, सूबेदार विनोद दुबे, उप निरीक्षक प्रवीण साहू, उप निरीक्षक सुमित कौशिक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, एवं समस्त थानों का पुलिस बल उपस्थित रहा।

सार-समाचार

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा, फरार अरोपी का फैसला सुरक्षित

अनूपपुर, देशबन्धु। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल की थाना चचाई में हत्या के आरोपी संजय कोल पिता पन्नालाल कोल निवासी चचाई बस्ती को आजीवन कारावास एवं 3 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई हैं। पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि 5 नवम्बर 2021 दीपावली के दूसरे दिन की रात मृतक 42 वर्षीय कमलभान दो पहिया वाहन से बाजार गया था और थोड़ी देर बाद घर के गिरने की आवाज आई, तब अविनाश आवाज सुनकर बाहर निकला, तो देखा कि कमलभान को अज्जू कोल फावड़ा के बेट से उसका भाई संजय कोल लोहे की राड से मारपीट कर रहे थे। अविनाश बीच-बचाव किया तो अज्जू कोल ने फावड़े के बेट से तथा संजय कोल रॉड से मारपीट करने लगे। मारपीट से अविनाश को गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। सुबह जब उसे होश आया, तो पता चला कि कमलभान की मृत्यु हो गई है। चचाई पुलिस ने अपराध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया तथा न्यायालय के समक्ष चलान प्रस्तुत किया। जहां प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने मामले का विचारण पश्चात आरोपी संजय कोल को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 3 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं फरार आरोपी अज्जू कोल होने से उसके संबंध में निर्णय नहीं नहीं दिया।

डेढ़ वर्ष से फरार दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर, देशबन्धु। बिजुरी पुलिस ने मई 2023 में पंजीबद्ध शादी का झांसा देकर अपहरण एवं बलात्कार के प्रकरण के आरोपियों को आगरा उ.प्र. से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि महिला आरोपी और उसका दामाद शादी का झांसा देकर उसे आगरा लेकर गए और आरोपी कन्हैयालाल द्वारा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया, जिस पर दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 366, 376, 376(2), 506, 34 के तहत पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना मे लिया गया था। प्रकरण के 9 दिसम्बर को आरोपी कन्हैयालाल पिता सुखराम कुशवाहा उम्र 45 वर्ष निवासी बृजपुरी फाटक केपास आगरा एवं निश्ते उर्फ बी.सी. पिता मंगला कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी बहौरा थाना बसेडी जिला धौलपुर राजस्थान, सुशीला पति जंगली कोल उम्र 40 वर्ष निवासी सेंगवा थाना चचाई को गिरफ्तार किया गया, जिन्हे 10 दिसम्बर को न्यायालय कोतमा पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक उदित नारायण मिश्रा, आरक्षक रामनिवास गुर्जर, रवि सिंह, महिला आरक्षक संगम तोमर, पूनम पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वयोवृद्ध कांग्रेस नेता शंकर प्रसाद शर्मा के निधन पर अमरकंटक में शोक

अनूपपुर, देशबन्धु। अविभाजित शहडोल जिला तथा शहडोल लोकसभा के लोकप्रिय सर्वमान्य वयो वृद्ध निर्विवाद अनूपपुर जिला मुख्यालय के 92 वर्षीय कांग्रेस नेता शंकर प्रसाद शर्मा के निधन पर पवित्र नगरी अमरकंटक के कांग्रेस नेताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया है तथा परमपिता परमेश्वर एवं मां नर्मदा जी से विनम्र कामना की है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार जनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस ने एक बहुत ही अच्छा ईमानदार, सजग, निर्विवाद, लेखक साहित्यकार तथा सभी को साथ लेकर चलने वाला साहसिक व्यक्ति को खो दिया है। उनकी भरपाई अब संभव नहीं। पवित्र नगरी अमरकंटक के कांग्रेस जनों ने शंकर बाबू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कांग्रेस जनों ने कहा है कि वह हमेशा सभी का हाल-चाल सुख-दुख हमेशा जानते पूछते रहे हैं। शंकर बाबूजी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में अमरकंटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्याम लाल सेन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलिराम केवट, दुर्गेश अग्रवाल, मोहम्मद सुलेमान खान, शक्ति पांडेय, जोहनलाल चंद्रवंशी , देवानंद खत्री, विमला दुबे, उषा बाई उईके, देवेंद्र जैन, निधि जैन, हरि सिंह उईके, वीरू तंबोली, अंकेश्वरी सिंह परस्ते, बिरजू लाल सोनवानी, पूर्व सरपंच अमित सिंह, अशोक गुप्ता भेजरी, हुबलाल सोनवानी, गिरधारी जायसवाल, नीतू चौधरी, मीनू सिंह आदि सभी शामिल रहे।

विद्युत चोरी पकड़ने गए कनिष्ठ अभियंता से की मारपीट

अनूपपुर, देशबन्धु। विद्युत चोरी कर मोटर पंप लगाकर सिंचाई की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे कनिष्ठ अभियंता के साथ विद्युत चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा जिसके बाद विद्युत चोर ने कनिष्ठ अभियंता से गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। कनिष्ठ अभियंता ने किसी तरह किसी तरह मौके से भाग कर अपनी जान बचाई और इसकी शिकायत राजेंद्रग्राम थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम वीरेंद्र बरकड़े ने बताया कि विद्युत वितरण केंद्र राजेंद्रग्राम में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति पिता मंगल प्रसाद प्रजापति ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई कि विद्युत चोरी करते हुए अवैध रूप से पंप से पानी की सिंचाई किए जाने की सूचना पर ग्राम थुरकी टोला बेलगवा अधिनस्थ स्टाफ के साथ अवैध रूप से चलाए जा रहे विद्युत पंप एवं विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए गए हुए थे। जहां शाम 4ः30 बजे निरीक्षण के दौरान थुरकी टोला बेलगवा में राजकुमार चंद्रवंशी के खेत में 3 एचपी के दो विद्युत पंप चलाई जा रही थी। इससंबंध में राजकुमार से विद्युत कनेक्शन के वैध दस्तावेज की मांग की गई जो विद्युत कनेक्शन के संबंध में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। साथ ही अवैध रूप से विद्युत मोटर चलाए जाने पर पंचनामा की कार्यवाही की जा रही थी तभी राजकुमार ने आवेश में आकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए कनिष्ठ अभियंता को गाली गलौज करने के साथ ही डंडे से मारपीट करने लगा। जिससे मारपीट की वजह से कनिष्ठ अभियंता के हाथ में अंदरूनी चोट आई है। कनिष्ठ अभियंता ने सहयोगी स्टाफ के साथ में राजेंद्रग्राम थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है वहीं आरोपी अभी भी फरार है।

नशे में वाहन चलाने पर हुई कार्रवाई

अनूपपुर, देशबन्धु। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नशे में वाहन चलाने वाले चालको के खिलाफ लगातार जिले में अभियान छेड़ा गया है। जहां 9 दिसम्बर को राजेंद्रग्राम पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध जोहिला पुल के पास वाहन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान ग्राम बसनिया से राजेन्द्रग्राम की ओर आ रही बाइक क्रमांक एमपी 52 जेडए 2459 को रोका कर चालक प्रहलाद सिंह पिता बिहारी सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी बम्हनी थाना समनापुर जिला डिंडोरी का विथएनालाइजर मशीन से जांच की गई, जो नशे में था। वहीं एक बिना नंबर स्पोर्ट बाइक को रोककर जांच की गई जिसकी जांच करने पर वह भी नशे में वाहन चलाते पाया गया। जिस पर पुलिस ने दोनो चालको के खिलाफ धारा 185, 130/177 (3) एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए दोनो बाइक को जब्त कर लिया गया है।

दहेज में कार न देने पर पति की करा दी दूसरी शादी

पति, सास-ससुर एवं देवर पर मामला दर्ज

अनूपपुर, देशबन्धु। शादी के बाद दहेज में कार, सोने की चेन वा अंगूठी की मांग करने तथा बहू को मारने पीटने व शारीरिक वा मानसिक रूप से प्रताड़ित कर घर से निकाल देने पर महिला थाना पुलिस ने चार ससुराली जनों पति मिथेलेश प्रजापति सहित ससुर रामावतार प्रजापति, सास राधा प्रजापति एवं देवर नरेश प्रजापति सभी निवासी ग्राम दुलहरा के खिलाफ 498 ए, 294, 506, 34 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3/4 के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

30 वर्षीय दुर्गा प्रजापति पति मिथेलश प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम दुलहरा अपने पिता के साथ महिला थाना पहुंच लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसका मायका ग्राम कटकोना थाना बिजुरी है। उसका विवाह 8 फरवरी 2013 को मिथिलेश प्रजापति पिता रामावतार प्रजापति निवासी ग्राम दुलहरा के साथ हुआ था। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार तिलक में 51 हजार नगद, घरेलू उपयोग की सामग्री एवं लगभग 1 लाख के बर्तन दिए थे। शादी के समय महिला 12वीं में पढ़ती थी, जिसकी आगे की पढ़ाई के लिए ससुराल वालो ने जारी रखने की बात कही गई। लेकिन शादी के बाद उन्होने पढ़ाई कराने से मना कर दिया। महिला के पिता बालकरण प्रजापति ने अपनी बेटी के आगे की पढ़ाई के लिए स्टेट बैंक कोतमा से 4 लाख रूपए का लोन लेकर उसे बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कराई।

शादी के बाद चार वर्ष तक भोपाल में रहकर पढ़ाई की एवं पढ़ाई के बाद जब लौटकर ससुराल गई तो पति मिथिलेश प्रजापति, ससुर रामावतार प्रजापति, सास राधा प्रजापति, देवर नरेश प्रजापति चारो लोगो ने दहेज में कुछ भी न देने पर अपने मायके से चार पहिया वाहन एवं सोने की चेन व अंगूठी की मांग करने लगे। इसकी जानकारी महिला ने अपने माता-पिता को दी। ससुरालियों ने महिला को शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए पति की दूसरी शादी करने की धमकी देकर घर से निकाल दिया और कुछ महीनों बाद ससुर रामावतार प्रजापति, सास राधा प्रजापति एवं देवर नरेश प्रजापति द्वारा मेरे पति मिथिलेश प्रजापति की दूसरी शादी करा दी गई। जहां पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति मिथिलेश, ससुर रामावतार प्रजापति, सास राधा प्रजापति एवं देवर नरेश प्रजापति सभी निवासी ग्राम दुलहरा के खिलाफ 498 ए, 294, 506, 34 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3/4 के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

भगवत शरण माथुर की स्मृति में स्वच्छता अभियान

अनूपपुर, देशबन्धु। श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के तत्वाधान में 10 दिसम्बर को अमरकंटक स्थित रामघाट में स्व. भगवत शरण माथुर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री नर्मदे हर सेवा न्यास द्वारा मां नर्मदा को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने हेतु सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रामघाट नर्मदा तट पर प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक दो घंटे तक चला। श्रमदान में घाटों पर जमा कचरे, गाद को साफ किया गया साथ ही रामघाट के निकट स्थित कटीली झड़ी की सफाई की गई।

कार्यक्रम में अमरकंटक संत मंडल के पूजनीय स्वामी लवलीन महाराज (धारकुंडी आश्रम अमरकंटक), श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के सचिव शिव चौधरी, ट्रस्टी एवं जन अभियान परिषद के समन्वयक उमेश पांडेय, नपा कर्मचारी, पीएमश्री हाई सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक जीतेन्द्र तिवारी एवं विद्यालय के छात्रगण, जन अभियान परिषद नवांकुर, प्रस्फुटन समिति सदस्य सीएमएलएलडीपी छात्र, नर्मदा समग्र के दिनेश साहू, शिव खैरवार, नपा के अधिकारी और कर्मचारी, दीनदयाल रसोई के संचालक कीर्ति भूषण श्रीवास्तव एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के दिव्यराज सिंह, किशन सिंह, पूरन सिंह, रामप्रसाद, दिलीप, दिनेश, चंद्रिका, शिवेंद्र भी उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में बंधी 270 जोड़ों की डोर

कार्यक्रम में शामिल लोगों को नही मिला भोजन, देखी गई भारी अव्यवस्था

पन्ना, देशबन्धु। जिले की पवई जनपद पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्दा में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 270 जोड़ो के सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पवई विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रहलाद लोधी उपस्थित रहें। इस दौरान विधायक लोधी ने विवाह मे बंधे सभी जोड़ो को आशीर्वाद दिया तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं महत्वाकांछी योजना को बहुत ही सराहनीय कदम बताया।

उन्होने कहा कि बेटी के विवाह का खर्च हमारी सरकार उठा रहीं है, इसके लिए किसी को भी चिंतिंत होने की जरूरत नहीं है, सरकार द्वारा विवाह मे होने वाले खर्च एवं सामग्री सरकार दे रहीं है। तत्पश्चात् जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने भी सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का बखान किया तथा विवाह सम्मेलन के माध्यम से परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ो को शुभ कामनाए दी।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, मोहन्द्रा एवं पवई मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम पवई समीक्षा जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई अखिलेश चौबे, संजय सिंह परिहार, तहसीलदार प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव कल्दा तहसीलदार पंकज गौतम इंजीनियर रवि त्रिपाठी कल्दा सरपंच शिवकुमार सेन, सचिव अनिल सक्सेना सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल रहें। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए लोगो को भोजन नहीं मिलने के कारण भारी विवाद की स्थिती देखी गई तथा अव्यवस्था भी सामने आई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह अमानगंज में आज

पन्ना, देशबन्धु। गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत अमानगंज स्थित कृषी उपज मंडी प्रागंण हिनौती में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम आज दस दिसम्बर को सुबह नौ बजे से आयोजित किये गयें है।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा तथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जलसी बाई उपस्थित रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर धीरज चौधरी नें कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

दैनिक राशिफल

बुधवार 11 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-रेवती।

मेष
आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की जरुरत है। आपका क्रोध किसी भी काम या संबंध को बिगाड़ने का कारण बन सकता है।

वृषभ
काम में विलंब से सफलता मिलेगी। शारीरिक अस्वस्थता के कारण आप हताशा की भावना का अनुभव करेंगे।

मिथुन
शारीरिक और मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा।

कर्क
आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। नौकरी करने वालों को लाभ होगा।

सिंह
लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे।

कन्या
आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं के साथ तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मन चिंताओं से घिरा रहेगा। माता से संबंधों में तनाव होगा।

तुला
नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक
आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा।

धनु
आज के दिन आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखें। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी तीर्थयात्रा पर जाना हो सकता है। सगे संबंधियों और मित्रों के आने से मन खुश रहेगा।

मकर
आज सावधानी बरतें। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना पैदा होगी। पारिवारिक वातावरण भी अशांत रहेगा।

कुंभ
आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको फायदा होगा। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा।

मीन
व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग है।

म.